आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार
1910 बुधवार 26.02.2025

मुख्य समाचारः—

1— छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन कल राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी।

2— सरगुजा जिले में आज हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत—सात अन्य घायल।

3— विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रयागराज में हो रहा है संपन्न।

4— महाशिवरात्रि का पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

विधानसभा—धन्यवाद प्रस्ताव

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन कल राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने सदन में बताया कि राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सत्ताईस और अट्ठाईस फरवरी को चर्चा की जाएगी। इससे पहले, कल सदन में प्रश्नकाल और ध्यानाकर्षण सूचना के साथ ही अन्य शासकीय और विधायी कार्य भी संपादित किए जाएंगे।

कामकाजी महिला—छात्रावास

प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित आवास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छह छात्रावास बनाए जाएंगे। इसके लिए केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने विशेष पूंजीगत सहायता योजना के तहत दो सौ दो करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से रायपुर के तेलीबांधा, टाटीबंध, भैंसथान, नवा रायपुर और बिलासपुर के तिफरा तथा सिरगिट्टी में छात्रावास का निर्माण किया जाएगा।

प्रकृति परीक्षण अभियान

भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के प्रकृति परीक्षण अभियान में छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ को स्ट्राइक रेट लक्ष्य में देशभर में तीसरा और कुल प्रकृति परीक्षण मानकों में नौवां स्थान मिला है। केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने मुंबई में आयोजित समापन समारोह में छत्तीसगढ़ को सम्मानित किया। यह सम्मान अभियान के राज्य समन्वयक डॉक्टर संजय शुक्ला ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आयुष विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

दुर्घटना

सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र में आज हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि, सात अन्य लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक रेवापुर—सखौली के रहने वाले ग्यारह लोग चारपहिया वाहन में सवार होकर सीतापुर के किलकिला शिव मंदिर गए थे। वापसी के दौरान आज दोपहर करीब साढ़े बारह बजे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक—तैंतालीस पर विशुनपुर गांव के पास कंटेनर ने चारपहिया को टक्कर मार दी। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायल सात लोगों को इलाज के

लिए सीतापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कंटेनर में आग लगा दी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सरगुजा जिला प्रशासन को घायलों के इलाज के लिए बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

<u>हाईकोर्ट–चिकित्सा पाठ्यक्रम</u>

प्रदेश में स्नातकोत्तर–पीजी चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कई अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से सेवारत श्रेणी का लाभ दिया गया, जिससे योग्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय हुआ। इस मामले में काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगा दी है और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई कल सत्ताईस फरवरी को होगी।

<u>माओवादी आत्मसमर्पण</u>

बीजापुर जिले में आज दो माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक माओवादी भैरमगढ़ एरिया कमेटी और दूसरा जगरगुंडा एरिया कमेटी में मिलिशिया प्लाटून सदस्य के रूप में सक्रिय था। आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

<u>अबूझमाड़ मैराथन–पंजीयन</u>

नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन के चौथे संस्करण का आयोजन आगामी दो मार्च को किया जाएगा। मैराथन में शामिल होने वाले धावकों के पंजीयन के लिए नारायणपुर स्थित बालक हाईस्कूल मैदान में कल सत्ताईस फरवरी से एक मार्च तक विशेष शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में धावक निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं।

<u>एनआईए–कार्रवाई</u>

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने भाजपा नेता बिरझु तारम की हत्या और माओवादी गतिविधियों के मामले में छह संदिग्धों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की। एनआईए के मुताबिक अलग–अलग टीमों द्वारा चौबीस फरवरी को मानपुर ब्लॉक मुख्यालय और औंधी थाना क्षेत्र के ग्राम सरखेड़ा में यह कार्रवाई की गई। इस दौरान संदिग्ध लोगों के ठिकानों से लैपटॉप, मोबाइल, प्रिंटर, हार्ड डिस्क, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव सहित अपराध से जुड़े अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

गौरतलब है कि अक्टूबर दो हजार तेईस में भाजपा नेता बिरझु तारम की उनके गृहग्राम सरखेड़ा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

<u>प्रयागराज–महाकुंभ</u>

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रयागराज में संपन्न हो रहा है। देशभर से आए श्रद्धालु प्रयागराज में आज सवेरे से ही संगम और अन्य घाटों में डुबकी लगा रहे हैं। तेरह जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ में अब तक चौंसठ करोड़ साठ लाख से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। एक सौ चवालीस वर्षों में केवल एक बार होने वाले दुर्लभ खगोलीय संयोग से इस वर्ष महाकुंभ का महत्व और भी बढ़ गया है।

आकाशवाणी–कुंभवाणी चैनल

प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि आकाशवाणी ने सदैव लोगों को देश की संस्कृति से जोड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी लोक प्रसारक के रूप में अपने दायित्व गंभीरता से लेता है। महाकुंभ के अंतिम दिन अपने संदेश में श्री सहगल ने कहा कि प्रसारण में आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल ने लोगों को बहुत प्रभावित किया।

वहीं, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने महाकुंभ के प्रयागराज में आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी ने कुंभवाणी की खबरें, साक्षात्कार और विशेष कार्यक्रम प्रदान कर एक लोक सेवा प्रसारक के रूप में उत्कृष्ट भूमिका निभाई। श्री द्विवेदी ने कहा कि कुंभवाणी ने लाखों लोगों के दिलों में अद्‌भुत स्थान बनाया है।

आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कम समय में बड़ी संख्या में श्रोताओं तक पहुंचने में कुंभवाणी की सफलता की सराहना की।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि का पर्व आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी शिवालयों में सुबह से ही जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने नदियों में पुण्य स्नान भी किया।

वहीं, गरियाबंद जिले में महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेले में आज सुबह हजारों लोगों ने पुण्य स्नान कर कुलेश्वर महादेव की पूजा की। इस अवसर पर नागा साधुओं के साथ विभिन्न अखाड़ों से पहुंचे साधु–संतों ने भी शाही स्नान किया। बारह फरवरी से शुरू हुए इस मेले का आज समापन हो रहा है।

उधर, जांजगीर–चांपा की धार्मिक नगरी खरौद स्थित लक्ष्मणेश्वर मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। आठवीं शताब्दी में बने इस मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

सक्ती जिले के तुर्रीधाम में भी भगवान शिव के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी–लंबी कतारें लगी रहीं। तुर्रीधाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर पंद्रह दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है।

वहीं, रायगढ़ जिले के गौरीशंकर, निकले महादेव मंदिर और पहाड़ स्थित शिवालय में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई। बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जा रहा है।

इसी तरह, बलरामपुर जिले में राजपुर के ओकरा कोठी पत्थल स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां अखंड रामायण पाठ, भजन–कीर्तन और मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की पूजा–अर्चना की जा रही है। वहीं, कई जगहों पर भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।

जशपुर–अवैध शराब

जशपुर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो दिनों के भीतर तीन करोड़ रुपये की अवैध शराब जब्त की है। इस दौरान दो ट्रक सहित लगभग चौदह हजार लीटर शराब बरामद की गई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि लोरो घाट के पास एक ट्रक की जांच के दौरान सीमेंट की बोरियों के पीछे छुपाकर रखी करीब सात हजार लीटर अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी गई। इस मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, दुलदुला

थाना पुलिस ने एक ट्रक से लगभग सात हजार लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की, जिसकी कीमत करीब ढाई करोड़ रूपये बताई गई है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– क्रांतिकारी वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें नमन किया है।

– परिचालन संबंधी कारणों से कल सत्ताईस फरवरी से एक मार्च तक दुर्ग से चलने वाली दुर्ग–छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। वहीं, कल सत्ताईस फरवरी को दुर्ग से रवाना वाली दुर्ग–नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया सतना–ओहान–बांदा–कानपुर सेंट्रल–गोरखपुर के रास्ते नौतनवा जाएगी।

– कोंडागांव जिले के बांसकोट स्थित धान खरीदी केन्द्र में लापरवाही बरतने और फर्जी ऋण वितरण के मामले में प्राथमिक सहकारी समिति के प्रभारी समिति प्रबंधक जसराज शार्दूल को सेवामुक्त कर दिया गया है।

– मुंगेली पुलिस ने एक दंपत्ति को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से गहने, नकदी और हथियार बरामद किए गए हैं।

– कोरबा कलेक्टर ने जिला मुख्यालय में विभिन्न संगठनो के धरना–प्रदर्शन के लिए शहर के घण्टाघर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ओपन ऑडिटोरियम क्षेत्र में सियान सदन की ओर स्थित रिक्त भूमि को आरक्षित किया है।

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>